BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI....

Date 31/08/2021 .... Page ....13.... Column ....02....

Subject ....वोट का प्रयोग केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : कुलपति....

वोट का प्रयोग केवल एक अधिकार नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारीः कुलपति

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एच एल वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आगामी विधानसभा 2024 चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को मतदान करने के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने स्वयंसेवकों को नए वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि संविधान में हमें वोट का अधिकार दिया है। वोट का अच्छे ढंग से प्रयोग करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि वोट का प्रयोग हमारे लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण अधिकार और जिम्मेदारी है। यह हमें यह शक्ति प्रदान करता है कि हम अपने प्रतिनिधियों का चयन कर सकें और देश की नीतियों और दिशा में योगदान दे सकें। मतदान के माध्यम से हम अपने विचारों और इच्छाओं को व्यक्त करते हैं, जिससे हमारे समाज और सरकार के निर्णय हमारे अनुसार हो सकते हैं। वोट देकर हम न केवल अपनी आवाज उठा सकते हैं बल्कि लोकतंत्र की मजबूती में भी योगदान देते हैं। इसलिए, वोट का प्रयोग केवल एक अधिकार नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। प्रोफेसर ब्रह्म प्रकाश ने स्वयंसेवकों को वोट के अधिकार, संविधान की प्रस्तावना, हमारे दायित्व अधिकार और वोट का अधिकार के महत्व को समझाते हुए उन्हें भविष्य में अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी।